नकली टैबलेट, फर्जी GST नंबर और लाइसेंस... गाजियाबाद में फेक Liv-52 फैक्ट्री का भंडाफोड़, 5 आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद के मुरादनगर थाना क्षेत्र में नकली दवाइयों के अवैध कारोबार का बड़ा मामला सामने आया है. स्वॉट टीम ग्रामीण जोन और मुरादनगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में Liv-52 नाम की दवा की भारी मात्रा में नकली टैबलेट बरामद की गई हैं. यह दवा लिवर से जुड़ी बीमारियों में इस्तेमाल की जाती है, ऐसे में इस फर्जीवाड़े ने जनस्वास्थ्य को गंभीर खतरे में डाल दिया था.

Source: https://www.aajtak.in/uttar-pradesh/story/ghaziabad-muradnagar-fake-liv52-medicine-factory-busted-lclcn-strc-2461804-2026-02-08